## टैक्स चोरी मामले में आरेपी दोषमुक्त

**बीकानेर,** (कासं)। न्यायालय ने कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई को कठघरे में खड़ा करते हुए दो अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया।

कोर्ट ने साफ कहा कि टैक्स चोरी का आरोप लगाकर छुट्टी के दिन रविवार को कार्रवाई तो कर दी गई लेकिन न तो अधिकारियों के ड्यूटी आदेश पेश किए गए और न ही वाहन जब्ती से जुड़े दस्तावेज कोर्ट के सामने रखे गए। मामले में कोई भी स्वतंत्र गवाह नहीं था, सभी गवाह विभागीय अधिकारी ही निकले। कोर्ट में पीछा करने वाली बाइक का कलर भी नहीं बता पाए। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के गुजरात राज्य बनाम रमेश भाई मोहन भाई पटेल फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जब लोकसेवक कानूनन ड्यूटी पर ही नहीं था तो राजकार्य में बाधा का अपराध बनता ही नहीं है। करीब 10 साल बाद, 18 दिसम्बर को कोर्ट ने इस केस पर फैसला सुनाया।

अभियोजन पक्ष (कर विभाग) के अनुसार 15 फरवरी 2015 को सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी सत्यनारायण मीणा को सूचना मिली थी कि दिल्ली से कर चोरी का परचून सामान आ रहा है। सुबह करीब 10:50 बजे बीकानेर के रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया में जडिया ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्रवाई के लिए टीम को अलर्ट किया गया था।

# खेलों व आरोग्यता का संदेश देने शहरवासियों ने लगाई दौड़

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' के माध्यम से आरोग्यता, विकास और खेलों को संवर्धित करने का संदेश दिया गया।

जिला प्रशासन तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' को संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा तथा जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने डॉ. करणीसिंह स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सुमन छाजेड़, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़, जिला खेल अधिकारी सुरेंद्र हर्ष, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शाशि) अनिल बोड़ा, रामकुमार पुरोहित आदि मौजूद रहे। रन में स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, स्काउट गाइड, पीटीआई, खिलाड़ी, एनएसएस एनसीसी के प्रतिनिधि तथा सरकारी कार्मिकों ने भागीदारी निभाई। संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर ने भी यहां से पैदल चलते हुए रन की अगवानी की। सभी प्रतिभागी विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे।

■ **रन में स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, स्काउट गाइड, पीटीआई, खिलाड़ी, एनसीसी व सरकारी कार्मिकों ने भागीदारी निभाई**



**संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने डॉ. करणीसिंह स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

यहां आयोजित कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त ने कहा कि निरोगी काया पहला सुख होता है। इसे ध्यान रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में किसी न किसी खेल को शामिल करें। उन्होंने संयमित दिनचर्या और आहार की आवश्यकता पर बल दिया। संभागीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 13 से 25 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाओं, उपलब्धियां और कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है।

## कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास आज

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा सोमवार को लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

गोदारा प्रातः 10.30 बजे जगदेवाला में जगदेवाला से डांडूसर तक 1.33 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली 4 किलोमीटर लम्बी सड़क का शिलान्यास करेंगे। दोपहर 11.30 बजे हापासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 47.10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले तीन कक्षा-कक्षों तथा 10 लाख रूपए की लागत से बने टीनशेड का लोकार्पण करेंगे। वहीं बामनवाली से हापासर विद्युत लाइन और विद्युत के 48 लाख रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं 1.23 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली पानी की टंकी का शिलान्यास करेंगे। दोपहर 2 बजे मकड़ासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 10 लाख रूपए की लागत से तैयार टीनशेड का लोकार्पण करेंगे।

खिलेरिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 47.10 लाख रूपए की लागत से बने तीन कक्षा कक्षों तथा 4.95 लाख रूपए की लागत से बने आडिया ट्यूबवैल का लोकार्पण करेंगे। गोदारा सायं 4:30 बजे जैसा से मेहराणा तक 2 किलोमीटर बनने वाली सड़क का शिलान्यास करेंगे।

## सार-समाचार

### राजीनामे से प्रकरणों का निस्तारण



**जिला एवं सेशन न्यायाधीश अश्वनी विज ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अश्वनी विज ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक अधिकारी तथा पक्षकार मौजूद रहे। विज ने बताया कि जिला मुख्यालय एवं समस्त तालुकाओं पर राजीनामे योग्य प्री-लिटिगेशन प्रकरण, बैंक के ऋण संबंधी मामले, राजस्व के प्रकरण व लम्बित प्रकरणों को सम्मिलित करते हुए शमनीय दाण्डिक अपराध, परक्राम्य विलेख अधिनियम, एमएसीटी मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, जन उपयोगी सेवाओं संबंधित व सिविल मामलों आदि का अधिक से अधिक निस्तारण लोक अदालत की भावना से किया गया। विज के निर्देशन में जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 9 बैंचों का गठन किया गया। जिला न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में से कुल 19 हजार 759 प्रकरण लोक अदालत में रखे गये। इनमें से 17 हजार 482 प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने लोक अदालत बैंचों के सभी सदस्यों, अधिवक्ताओं, बैंकों के अधिकारियों, पक्षकारों, कर्मचारियों का आभार जताया और अपील करते हुए भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालतों में समाज के प्रत्येक वर्ग के सकारात्मक सहयोग का आव्हान किया।

### तेरापंथ- मेरा पंथ कार्यशाला




**'तेरापंथ-मेरा पंथ' कार्यशाला को मुनि कमल कुमार ने सम्बोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य श्री भिक्षु जन्म त्रि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में 'तेरापंथ- मेरा पंथ' कार्यशाला का आयोजन तेरापंथी सभा गंगाशहर द्वारा आशीर्वाद भवन में उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार स्वामी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार स्वामी ने उद्‌बोधन देते हुए कहा कि आचार्य भिक्षु ने भगवान महावीर स्वामी की वाणी का गहन अध्ययन किया। फिर भगवान महावीर की वाणी को सरल शब्दों में व्याख्या की ओर जनता को प्रतिबोद्ध दिया। आगम -सम्मत शुद्ध साध्वाचार की अनुपालना करने के लिए उन्होंने एक नए पंथ का प्रवर्तन किया। तेरापंथ के साधु पांच महाव्रत, पांच समिति ओर तीन गुप्ति के तेरह नियमों का पालन करने का प्रण लेकर चलते हैं। उन्होंने ज्ञान, दर्शन, चारित्र ओर तप से अभिमंडित एक अनुशासित धर्मसंघ की नींव रखी। कार्यशाला में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने सुबह 9 बजे से 4 बजे तक भाग लिया। तेरापंथ सभा के जैन लूणकरण छाजेड़ , अमरचंद सोनी व पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सूर्यप्रकाश सामसुखा को साहित्य से सम्मानित किया गया। प्रायोजक भंवरलाल विजय सिंह डागा परिवार का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। स्वागत भाषण सभा के अध्यक्ष नवरतन बोथरा ने किया। आभार ज्ञापन सभा के सहमंत्री पीयूष लूणिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन सभा के मंत्री जतनलाल संचेती ने किया।

### प्रतिबंधित 1400 टेबलेट सहित पकड़ा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के फेफाना थाना पुलिस ने देर शाम एक व्यक्ति को प्रतिबंधित टेपेंटाडोल की 1400 टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय भगत सिंह, निवासी 12 केएनएन, फेफाना के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने देर शाम 9 केएनएन से 12 केएनएन के बीच रोही रतनपुरा में गश्त के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते देखा। पुलिस टीम को देखकर व्यक्ति ने छिपने का प्रयास किया, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। शक होने पर उसे रोककर तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से प्रतिबंधित टेपेंटाडोल की 1400 टेबलेट बरामद हुई। ये दवाईयां बिना दस्तावेज के प्रतिबंधित होने के चलते भगत सिंह से डॉक्टर की पर्ची या खरीद का बिल मांगा गया। आरोपी के पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। ऐसे में पुलिस ने दवाईयों को जब्त कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। मामले की आगे की जांच एएसआई लक्ष्मण सिंह कर रहे हैं।

### मनरेगा का नाम बदलने का विरोध

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा-आरएसएस द्वारा मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साजिश के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, बीकानेर द्वारा शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल व देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को दोपहर 12:30 बजे गांधी पार्क से जिला कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिला संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में सभी जनप्रतिनिधिगण सहित जिला, ब्लॉक, मण्डल कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण व सदभावी कांग्रेसजनों को विरोध प्रदर्शन में आमंत्रित किया गया है।

# शहर के सभी 80 वार्ड नगर निगम के क्षेत्र में रहेंगे, प्रशासन की मुहर

**बीकानेर,**(कासं)। शहर में बीकानेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम में क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद समाप्त हो गया है। शहर के सभी 80 वार्ड नगर निगम के क्षेत्र में होंगे। बीडीए योजना क्षेत्र और कृषि भूमि बीडीए के ही रहेंगे। प्रशासन ने इस पर मुहर लगा दी है।

इस काम की शुरूआत जयनारायण व्यास कॉलोनी और शार्दुलगंज कॉलोनी सौंपने के साथ होगी। इसके लिए शहर की जमीनों के रिकॉर्ड को डिजिटलाइज्ड किया जा रहा है। शहर की गली-मोहल्ले और कॉलोनियों में क्षेत्राधिकार को लेकर नगर निगम और नगर निकास न्यास (अब बीडीए) में विवाद रहा है। इससे आमजन को परेशान होना पड़ता है।

क्षेत्राधिकार तय होने के बाद लोगों को पता होगा कि शिकायत किससे करनी है। जिला कलेक्टर ने क्षेत्राधिकार तय करने के लिए बीडीए, नगर निगम के अधिकारियों की एक कमेटी गठित की थी। कमेटी ने कलेक्टर को अपनी रिपोर्ट सौंपी जिसमें सिफारिश की गई कि बीडीए योजना क्षेत्र और कृषि भूमि को छोड़कर शहर के सभी 80 वार्ड की सीमा नगर निगम को सौंप दी जानी चाहिए। बीडीए की ओर से इसका रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन करके ई-फाइल तैयार करे। प्रत्येक पट्टा-प्रोपर्टी आईडी बनाकर चैकलिस्ट फार्म इस ई-फाइल के साथ लगाकर सुपुर्द करें जिससे पत्रावली को ढूंढ़ने और उस पर कार्य करने में सुविधा रहे। प्रशासन ने इस पर मुहर लगा दी है।

■ **क्षेत्राधिकार को लेकर नगर निगम और नगर निकास न्यास (अब बीडीए) में विवाद था**

बीडीए की ओर से जयनारायण व्यास कॉलोनी और शार्दुलगंज नगर निगम को सौंपकर इसकी शुरूआत होगी। कलेक्टर की ओर से पूर्व में शहर के पांच क्षेत्र नगर निगम को सौंपे जा चुके हैं जिनका जिम्मा पूरी तरह निगम का है। 19 जुलाई, 2022 को तत्कालीन कलेक्टर ने आदेश जारी कर बल्लभ गार्डन का समस्त क्षेत्र, सुदर्शना नगर, गांधी नगर, पवनपुरी, जस्सूसर गेट का बाहरी क्षेत्र, ग्राम पंचायत करमीसर की आबादी सीमा की हद तक का क्षेत्र नगर निगम को हस्तांतरित करने का आदेश जारी किया गया था।

उसके बाद 7 अक्टूबर, 2022 के प्रस्ताव से अमरसिंहपुरा, मेघवालान, फतीपुरा, शीतला गेट के बाहर, राणीसर बास, पंचमुखा हनुमान मंदिर के पास, इंडस्ट्रियल एरिया रानीबाजार, गुर्जरों के कब्रिस्तान के पास, बांद्रा बास, प्रताप बस्ती, सर्वोदय बस्ती, बंगला नगर, नत्थूसर गेट हरिजन बस्ती, भाटों का बास, हमालों की बारी के बाहर, भादाणियों की बगेची के पास कच्ची बस्ती से डिनोटिफाइड की जा चुकी हैं। इन सभी में रोडलाइट सेनिटेशन, सीवरेज, स्वीपिंग तथा घर-घर कचरा संग्रहण का काम निगम ही कर रहा है।

अपर्णा गुप्ता, आयुक्त बीडीए का कहना है कि शहर में क्षेत्राधिकार को लेकर अब आमजन को समस्या नहीं होगी। बिल्डिंग परमिशन और पट्टे बनाने जैसे कामों में कोई अड़चन नहीं आयेगी। जल्दी ही जयनारायण व्यास कॉलोनी और शार्दुलगंज पर बोर्ड में निर्णय लेकर नगर निगम को सौंप देंगे।

## जेल के बंदी की हार्ट अटैक से मौत

**बीकानेर,** (कासं)। सेंट्रल जेल के बंदी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। तबीयत खराब होने पर जेलकर्मी उसे लेकर हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

जेल अधीक्षक अभिषेक शर्मा ने बताया कि सलमान खान (30) निवासी भुट्टो का बास को पेट दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद उसका इलाज चल रहा था। अस्पताल रैफर किया गया जहां रात करीब 9:20 बजे जेलकर्मी उसे लेकर पहुंच गए। अस्पताल में डॉक्टर्स ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

हालांकि जेल अधीक्षक का कहना है कि जेल से रवाना होने तक उसकी सांस चल ही थी, लेकिन रास्ते में सांसें थम गई। गत 15 दिसम्बर को उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। उस पर नशा के सामान की बिक्री करने के गंभीर आरोप लगे थे। उसके खिलाफ एनडीपीएस कोर्ट में मामला चल रहा था। इस बीच उसे जेल भेजा गया। प्रथमदृष्ट्या माना जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक आया था। सलमान के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# जमीन विवाद को लेकर हमला, एक व्यक्ति घायल

**नाल,** (कासं)। नाल थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर हमला किया गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस संबंध में विकास पूनिया ने नाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायल व्यक्ति का नाम रामकिशन है, जिसे पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवादी विकास पूनिया ने बताया कि उनके ससुर रामकिशन के पिता नगराज के नाम ग्राम पंचायत करमीसर द्वारा वर्ष 1959 में बच्छासर रोड, करमीसर में एक भूखंड आवंटित किया गया था।

नगराज की मृत्यु के बाद से इस संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। यह मामला पहले सिविल न्यायालय में था और अब उच्च न्यायालय जोधपुर में लंबित है, जिसने 25 जुलाई को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। आरोप है कि राजकुमार पुत्र हीराराम और तिलाराम पुत्र भूराराम इस भूखंड पर अवैध निर्माण कर रहे थे। 10 दिसम्बर को इस संबंध में नाल थाने में शिकायत की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रूकवा दिया था।

■ **संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। यह मामला पहले सिविल न्यायालय में था और अब उच्च न्यायालय जोधपुर में लंबित है तथा स्टे है**

उसी दिन शाम को आरोपियों ने दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इसकी सूचना रामकिशन ने फिर से पुलिस को दी। आरोप है कि इससे नाराज होकर आरोपियों ने रामकिशन के साथ हाथापाई की। उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और ईंट व लाठी से उनके सिर, हाथ और पैरों पर हमला किया। इस हमले में रामकिशन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर नाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल गौरीशंकर को सौंपी गई है।

# पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस का संदेश दिया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर रविवार को शहर में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया गया। सुखाडिया सर्किल से शुरू हुई दौड़ में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। जबकि विधायक जयदीप बिहाणी और जिला परिषद सीईओ गिरधर बेनीवाल ने खुद साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक जयदीप बिहाणी, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, एसपी डॉ. अमृता दुहन सहित कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों से मुलाकात की। विधायक बिहाणी ने कहा कि सरकार के दो वर्षों में विकास कार्यों ने नई ऊंचाईयां छुई हैं और यह रन खिलाड़ियों व युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। वहीं विक्रम ज्याणी ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

■ **विधायक बिहाणी और सीईओ बेनीवाल रैली में साइकिल पर थे**

जिला खेल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई ने बताया कि रन के साथ-साथ साईक्लिंग कैटेगरी भी रखी गई, जिसमें लोगों ने उत्साह से भाग लिया। रैली सुखाड़िया सर्किल से मीरा चौक होते हुए चहल चौक तक पहुंची। विधायक बिहाणी और सीईओ बेनीवाल पूरी रैली में साइकिल पर ही शामिल रहे, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण का संदेश और मजबूत हुआ। वहीं, प्रतियोगिता परिणामों में पुरुष वर्ग में सोनू प्रथम, रोहित चौधरी द्वितीय और शीशपाल गोदारा तृतीय रहे।

## शीतलहर-कोहरा से सर्दी बढ़ी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से श्रीगंगानगर में शीतलहर का दौर जारी है। घना कोहरा और ठंडी हवाएं पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले रखी है। कोहरे और तेज ठंडी हवाओं के कारण धूप निकलने के आसार बेहद कम है। इस वजह से दिन में भी ठिठुरन बनी हुई है और अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

मौसम रडार स्टेशन श्रीगंगानगर पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री और अधिकतम 25.0 डिग्री रहा। जबकि शुक्रवार को न्यूनतम 9.4 डिग्री और अधिकतम 26.5 डिग्री दर्ज हुआ था। ठंडी हवाओं के चलते दिन का तापमान भी सामान्य से काफी नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर आज भी बना रहेगा।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी

**बीकानेर,**(कासं)। सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक कोचिंग क्लास संचालक ने दो साल में 42 लोगों से 5.80 करोड़ की ठगी कर ली। संभाग के विभिन्न पुलिस थानों में उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन पुलिस उसे अब तक नहीं पकड़ पाई है। पिछले आठ साल में यह शख्स प्रदेश के नौ शहरों में करीब 20 करोड़ की ठगी कर चुका है।

झुंझुनूं और श्रीगंगानगर में कोचिंग क्लासेज के नाम पर ठगी की। क्लास चलाने वाले जयगणेश सोनी ने कर्मचारी चयन आयोग और आरपीएससी में अच्छी जान पहचान का हवाला देकर बड़ी संख्या में लोगों को ठगा। वह नेताओं और अधिकारियों के साथ खुद के फोटो दिखाकर लोगों को भरोसे में लेता था। बेरोजगार युवकों के शैक्षणिक दस्तावेज लेकर सरकारी नौकरी में चयन के फर्जी दस्तावेज तैयार करता और लोगों को भरोसे में लेकर रूपए ऐंठता। इस काम में उसकी पत्नी सहित परिवार और ससुराल पक्ष के कई लोग शामिल हैं।

■ **सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक कोचिंग संचालक ने दो साल में 42 लोगों से 5.80 करोड़ की ठगी कर ली**

बीकानेर संभाग के बीकानेर, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, रावतसर के अलावा झुंझुनूं सहित कई जिलों में उसके खिलाफ केस दर्ज हैं। करीब एक दर्जन मामलों में करीब 5.80 करोड़ की ठगी की है। अकेले बीकानेर में ही करीब 2.58 करोड़ की ठगी कर चुका है। इसके खिलाफ मुक्ताप्रसाद थाने में दो तथा गंगाशहर, जयनारायण व्यास कॉलोनी और सदर थाने में एक-एक मुकदमा दर्ज है। नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर 31 बेरोजगारों से एक करोड़ 38 लाख रूपए तथा बच्चों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक ही परिवार से 50 लाख की ठगी कर चुका है। पुलिस ने केस में ही एफआर लगा दी। आईजी हेमंत शर्मा ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमों की फाइलें तलब की तो पुराने सभी मामले खुल गए। आरोपी जयगणेश सोनी को अप्रैल 2024 में गिरफ्तार किया था।

# कवि सौरभ कश्यप के काव्य संग्रह 'उजालों से कितनी दूर' का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। साहित्य संस्कृति कला संगम द्वारा कवि सौरभ कश्यप के बोधि प्रकाशन जयपुर द्वारा प्रकाशित दूसरे काव्य संग्रह 'उजालों से कितनी दूर' का भव्य लोकार्पण समारोह आज सुबह स्थानीय महाराजा नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम श्री जुबिली नागरी भण्डार में सम्पन्न हुआ।

कला संगम के संस्थापक अध्यक्ष शायर कासिम बीकानेरी ने बताया कि 'उजालों से कितनी दूर' काव्य संग्रह के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समालोचक कवि डॉ. उमाकांत गुप्त ने की। उन्होंने कहा कि कवि ने देखे हुए यथार्थ को नए तरीके से सार्थकता, जिम्मेदारी और सफलता के साथ अपनी कविताओं में पेश किया है। इससे संग्रह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। इस संग्रह पर पुस्तक चर्चा का कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए।

समारोह के मुख्य अतिथि बोधि प्रकाशन के माया मार्ग ने कहा कि उनकी कविता में सच्चाई की झलक नजर आती है। संग्रह की कविताएं व्यक्ति के बाद सांसारिक कविताएं हैं। वे कविताओं में प्रेम की धारा को मुलायमियत के साथ प्रस्तुत करते हैं। इन कविताओं में प्रेम की विराटता है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जोधपुर के साहित्यकार राजेश मोहता ने कहा कि अब कवि को भगवान का काम करना होगा और अपने हिस्से की क्रांति करनी होगी। संग्रह की कविताएं पठनीय है एवं कवि ने अपनी कविताओं से नए बिम्ब एवं नए मुहावरे गड़े हैं।




**कवि सौरभ कश्यप के काव्य संग्रह 'उजालों से कितनी दूर' का लोकार्पण वरिष्ठ साहित्यकार उमाकांत गुप्त ने किया।**

लोकार्पण समारोह के विशिष्ट अतिथि नगर के वरिष्ठ कवि कथाकार कमल रंगा ने कहा कि आज लोकार्पित भी करती के कवि सौरभ कश्यप एक संवेदनशील कवि के रूप में सामने आये हैं। उनकी कविताओं में प्रकृति और मानवीय समाज से प्रेम के दर्शन होते हैं। कविताओं में नए प्रयोग सहज मन से मन को छू जाते हैं। कश्यप अपनी कविताओं के जरिए आज के जीवन के कटु सत्य को उजागर करते हैं। कविताओं की भाषा भी उत्कृष्ट है।

शायर कासिम बीकानेरी ने कहा कि लोकार्पित कविताएं भावपूर्ण कविताएं हैं जो सोचने पर विवश कर देती है।

## गंगानगर में पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान में पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए 27 से 30 दिसम्बर तक श्रीगंगानगर के महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में15वीं सीनियर स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। इस चैम्पियनशिप में प्रदेशभर से दिव्यांग एथलीट हिस्सा लेंगे और अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

यह आयोजन सिर्फ खेल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि पैरा स्पोर्ट्स को प्रमोट करने के साथ-साथ समाज में दिव्यांगों के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत बनायेगा। स्थानीय खेल प्रेमियों और दिव्यांगों में इस इवेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। चैम्पियनशिप की तैयारियां जोरों पर हैं और पूरे प्रदेश से आने वाले खिलाड़ियों के लिए हाई लेवल इंतजाम किए जा रहे हैं। दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने श्रीगंगानगर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता को आयोजन सचिव नियुक्त किया है।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- नियमन/2025 Rajkaj Ref No. 5044 दिनांक :- 19.12.2025
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 3/4 के किला नं. 12 में भूखण्ड संख्या का माप 12'-6" गुणा 43'-6" फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री किशन व विनोद, भीम पिसरान पुत्र श्री हनुमान प्रसाद पुत्र बीन्जा राम निवासी इंद्रा कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री किशन व विनोद, भीम पिसरान पुत्र श्री हनुमान प्रसाद पुत्र बीन्जा राम निवासी इंद्रा कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 3/4 के किला नं. 12 में भूखण्ड संख्या का माप 12'-6" गुणा 43'-6" फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक: नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 19397371 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.12.25
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शारदा यादव पत्नी श्री कृष्ण लाल निवासी 94 थर्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखंडधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं0 09 किला नं0 01 में माप 26.9 इन्टू 62.6 फीट भूखण्ड संख्या 154 पंचवटी कॉलोनी श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पटटा संख्या 14526 दिनांक 18.04.2022 को श्री अश्वनी गुप्ता पुत्र श्री द्रवपाल गुप्ता के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती शारदा यादव द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 22.04.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखंड के संबंध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है। इस संबंध में श्रीमती शारदा यादव पत्नी श्री कृष्ण लाल निवासी 94 थर्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखंड से संबंधित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या - SGNR/FY25-26/MUT/426 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर